HN 8101 **809**

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

वार्षिक मूल्यांकन - 2016

Third Language
HINDI

कक्षा - VIII | कुल स्कोर - 40
समय - 1½ घंटे

सामान्य निर्देश -
- निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- 15 मिनट का कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा। यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है।
- 7 से 10 तक के और 21 से 23 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं।

---

1. **सूचना - तालिका की पूर्ति करके लिखें।** 3

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
पिता का प्रायश्चित	______	अरुण गाँधी
______	कविता	नरेश सक्सेना
ज्ञानमार्ग	एकांकी	______

2. **सूचना - कोष्ठक से घटनाएँ चुनकर क्रमानुसार पूर्ति करके लिखें।** 2
   - माँ ऊपर आसमान की ओर बड़ी देर तक देखती रही।
   - ______________________________
   - अंधेरे में उसकी हथेली में एक अठन्नी दमक रही थी।
   - ______________________________

   (• उसने ईश्वर से माँगा था, दुकानदार से नहीं। • लड़के के मन में माँ के बटुए से पैसे चुराने का भी ख्याल आया।)

3. **सूचना - निम्न लिखित चरित्रगत विशेषताओं में से श्रीमती संतोष यादव की विशेषताएँ चुनकर लिखें।** 2
   - समाज की खुशी चाहनेवाली।
   - परिस्थितियों से डरनेवाली।
   - बचपन से ही जिज्ञासु।

सूचना - 4 से 6 तक के प्रश्नों के उचित उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।

4. "उस दिन मैं ने जीवन का एक अहम निर्णय लिया - मैं कभी भी झूठ नहीं बोलूँगा।" यह किसका निर्णय था? 1

(मनीलाल गाँधी का, अरुण गाँधी का, महात्मा गाँधी का)

5. "पानीदार होना" - इसका मतलब क्या है? 1

(लज्जित होना, सम्माननीय होना, डूब जाना)

6. सप्तम को आराम करने की जगह किसने दी? 1

(सागर ने, पेड़ ने, लड़के ने)

सूचना - 7 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(3 X 2 = 6)

7. जिसके पास चली गई मेरी ज़मीन
उसी के पास अब मेरी
बारिश भी चली गई।

किसान की ज़मीन किसके पास चली गई? यहाँ किसान की किस हालत की ओर संकेत है?

8. "नकल करके पास होने से फ़ेल होना बेहतर है।" क्या, आप इससे सहमत हैं? अपने विचार लिखें।

9. अरुण गाँधी ने पिताजी से कहा - "कार तैयार नहीं थी। इसलिए देर हो गई।" उसने ऐसा क्यों कहा होगा? क्या आप इसे उचित मानते हैं?

10. "चप्पे-चप्पे पर जल बैंक खुल गए हैं।" लेखक की इस कल्पना के पीछे भविष्य का कौन सा संकेत है?

11. **सूचना - नमूने के अनुसार समानार्थी शब्द चुनकर तालिका की पूर्ति करें।** 3

बारिश	वर्षा
ज़मीन	
घटा	
आसमान	
बदन	
साँझ	
निशा	

रात
शरीर
संध्या
भूमि
आकाश
मेघ

सूचना - रेखांकित अंशों का संशोधन करके वाक्यों का पुनर्लेखन करें। 2

12. गीता <u>साथ</u> साल <u>का</u> लड़की है। वह दूसरी कक्षा में <u>पढ़ता</u> है। <u>वह का</u> भाई पाँचवीं कक्षा में पढ़ता है।

सूचना - निर्देशानुसार उत्तर लिखें।

13. दुकान पर सफ़ेद गुड़ रखा था। उसके मुँह से पानी आ जाता था।
सफ़ेद गुड़ में **<u>सफ़ेद</u>** शब्द ———— है। 1
(संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण)

14. **<u>उसके</u>** में प्रयुक्त **सर्वनाम** कौन सा है? 1
(वे, वह, यह)

सूचना - कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

धरती माता ने खत भेजा
बादलजी के नाम
दादा तुम्हें प्रणाम
लिखा कि दादा सूख रहा है
दिन-दिन मेरा गात।
पिछले कई बरसों से
ढंग की हुई नहीं बरसात
गरमी में इस बार न जाने
क्या होगा परिणाम।

(गात - शरीर, बरस - वर्ष, ढंग - रीति)

15. धरती माता ने किस के नाम खत भेजा? 1

16. कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

17. कवितांश का आशय लिखें। 2

सूचना - निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक मरीज़ के लिए डॉक्टर भगवान से कम नहीं होता। उसका पूरा भरोसा डॉक्टर पर होता है। कर्तव्यनिष्ठा डॉक्टर का ऐसा गुण है जिसे कभी नहीं भूलना चाहिए। चाहे रात हो या दिन, सुबह हो या शाम हर वक्त डॉक्टर को मरीज़ों के लिए वक्त निकालना चाहिए।

(भरोसा - विश्वास, वक्त - समय)

18. मरीज़ का पूरा भरोसा किस पर होता है? 1

19. डॉक्टर के गुण क्या क्या होते हैं? 2

20. **मातृभाषा में अनुवाद करें।** 2

चाहे रात हो या दिन, सुबह हो या शाम हर वक्त डॉक्टर को मरीज़ों के लिए वक्त निकालना चाहिए।

सूचना - 21 से 23 तक के प्रश्नों में किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(2 X 4 = 8)

21. जलसंरक्षण की आवश्यकता का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।
22. संतोष यादव एवरेस्ट की चोटी पर पहुँच गयी। वे एवरेस्ट की चोटी पर दो बार चढ़नेवाली विश्व की प्रथम महिला हैं। इसके संबंध में एक **रपट** तैयार करें।
23. अरुण गाँधी की गलती पर पिता ने अपने आप को सज़ा दी। अरुण गाँधी की उस दिन की **डायरी** कल्पना करके लिखें।
    - पिताजी से झूठ बोलना।
    - पिताजी का अठारह मील की दूरी पैदल चलना।
    - कभी झूठ न बोलने का निर्णय लेना।